हरि इच्छा भावी बलवाना हृदय बिचारत शम्भु सुजाना
तब शंकर प्रभु पद सिरु नावा सुमिरत रामु हृदय अस आवा
एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं शिव संकल्पु कीन्ह मन माही
|| मानस शिव संकल्प || Ram Katha 976- Gujrat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 276 | इंदौर, गुरुवार 23 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सुबह 9 बजे तक तमिलनाडु में 17.69% मतदान दर्ज

● कमल हासन ने बेटी श्रुति हासन के साथ मतदान किया



**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु विधानसभा की सभी 234 सीटों पर गुरुवार सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया और शाम 6 बजे तक चलेगा। राज्य में सभी मतदान केन्द्रों पर सुबह से मतदाता अपने मताधिकार को इस्तेमाल करने के लिए पहुंचने शुरू हो गये हैं। आज पी चिदंबरम ने कराईकुडी में वोट किया और स्याही लगी उंगली दिखाई। भारतीय चुनाव आयोग (ECI) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह 9 बजे तक तमिलनाडु में 17.69% मतदान दर्ज किया गया। वहीं चेन्नई के थिरुवनमियूर इलाके में स्थित एक मतदान केंद्र पर अजीत कुमार ने अपना वोट डाला। प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान जारी था। लोकप्रिय अभिनेता अन्य मतदाताओं के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे और उन्होंने भी मतदान प्रक्रिया में भाग लिया।

चुनाव आयोग ने राज्य में चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किये हैं। राज्य भर में कुल 75,032 मतदान केंद्र बनाए गये हैं। इनमें से 5,938 केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन केंद्रों की विशेष निगरानी की जा रही है। मतदान को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की लगभग 300 कंपनियों को भी लगाया गया है और उन्हें पूरे राज्य भर में विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात किया गया है।

## सुबह 9 बजे तक बंगाल में 18.76% मतदान दर्ज, 16 जिलों में वोटिंग जारी



**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 152 सीटों के लिए गुरुवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया और शाम छह बजे तक चलेगा। राज्य में पहले चरण में होने वाले मतदान के लिए 16 जिलों की 152 सीटों के लिए 44,378 मतदान केन्द्र बनाये गये है। इन सभी मतदान केन्द्रों पर सुबह से मतदाता अपने मताधिकार को इस्तेमाल करने के लिए पहुंचने शुरू हो गये हैं। भारतीय चुनाव आयोग (ECI) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह 9 बजे तक पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में 18.76 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। विधानसभा चुनाव का पहला चरण आज हो रहा है। मैं सभी नागरिकों से इस लोकतंत्र के उत्सव में पूरी ताकत से भाग लेने का आग्रह करता हूं। मैं विशेष रूप से अपने युवा मित्रों और पश्चिम बंगाल की महिलाओं से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील करता हूं।

### मुख्यमंत्री डॉ.यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय

# किसानों को ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के भूअर्जन पर मिलेगा बाजार दर का 4 गुना मुआवजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कृषि भूमि के भूअर्जन पर गुणन कारक (मल्टीफिकेशन फैक्टर) को दोगुना करते हुए 2.0 कर दिया गया है। इससे अब अधिग्रहित कृषि भूमि का मुआवजा किसानों को दोगुना के स्थान पर बाजार दर से 4 गुना प्राप्त होगा। यह निर्णय संपूर्ण प्रदेश की ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर लागू होगा। मंत्रि-परिषद ने नगरीय सीमा में मुआवजा गुणन कारक को यथावत एक रखा गया है। मंत्रि-परिषद ने इसके साथ सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के कार्यों के लिए लगभग 33 हजार 985 करोड़ रूपये की स्वीकृति भी दी है।**

मंत्रि-परिषद ने किसानों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए ' मध्यप्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और



पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015 ' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गुणन कारक (Multiplication Factor) को बढ़ाकर 2.0 कर दिया गया है, जिससे किसानों को अब उनकी कृषि भूमि का बाजार दर से 4 गुना मुआवजा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस निर्णय से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि पर किसानों को अधिक राशि मिल सकेगी। इससे न केवल विकास कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि भूमि देने वाले किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, श्री राकेश सिंह और श्री चेतन्य कुमार काश्यप की उप-समिति ने अनुशंसा की थीं। उप-समिति ने अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करने के साथ ही विभिन्न् किसान संगठन क्रेडाई,सीआईआई और फिक्की से चर्चा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की थी। सरकार के इस पारदर्शी और किसान-हितैषी निर्णय से प्रदेश के हजारों परिवारों को सीधा लाभ पहुँचेगा। मंत्रि-परिषद् द्वारा छठवें राज्य वित्त आयोग के कार्यों के संपादन के लिए कार्यकाल अवधि के लिए 15 पदों के सृजन की स्वीकृति दी है। राज्य शासन द्वारा छठवें राज्य वित्त आयोग का गठन किया जा चुका है।

### शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में परिजन आवास की स्थापना की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के चुने हुए चिकित्सा महाविद्यालयों के परिसर में परोपकारी संस्थाओं के माध्यम से परिजन आवास स्थापित करने के लिए मंजूरी दी है। संस्थाएं ऐसे परिजन विश्राम गृह की स्थापना अपने वित्तीय संसाधनों से करेगी,जिसके लिए सरकार कोई कोई वित्तीय सहायता नहीं देगी। संस्था द्वारा सेवाओं के लिए लिया जाने वाला शुल्क का निर्धारण शासन द्वारा गठित समिति द्वारा किया जाएगा। प्रस्तावित व्यवस्था से मरीज के परिजनों को बेहतर व्यवस्था कम दरों पर मिलेंगी और मानसिक रूप से वे बेहतर स्थिति में होंगे, जिसका सीधा-सीधा लाभ अस्पताल की व्यवस्था पर पड़ेगा और व्यवस्था सुचारु होगी। चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित अस्पतालों में दूर-दूर से मरीज आते हैं। इनके साथ परिजन भी आते हैं। इनमें से कई परिजन अस्पताल परिसर से बाहर ठहरने की व्यवस्था के व्यय भार को उठाने में सक्षम नहीं होने के कारण अस्पताल परिसर में हो सो जाते हैं। इससे अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, साथ ही परिजनों को भी ठहरने को आरामदायक स्थान नहीं मिल पाता है। इसका अप्रत्यक्ष असर अस्पताल की प्रशासनिक व्यवस्था तथा मरीज और अस्पताल स्टॉफ के मध्य संव्यवहार पर भी पड़ता है।

### भाजपा की हाईटेक कार्यशाला

# डेली कॉलेज में जुटे 7 राज्यों के दिग्गज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर एक बार फिर बड़े सियासी जमावड़े का केंद्र बनी है। भाजपा के 'दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान' के तहत बुधवार, 22 अप्रैल से डेली कॉलेज में क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**





इस खास प्रशिक्षण वर्ग में मध्य प्रदेश समेत छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दादर एवं नगर हवेली, नवी मुंबई और अंडमान निकोबार के लगभग 3 से 4 हजार चयनित वक्ता शामिल हो रहे हैं। जिन्हें जिला स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए तैयार किया जाएगा। कार्यशाला स्थल पर मोबाइल और निजी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। मंगलवार सुबह से ही इंदौर में मेहमानों के आने का सिलसिला शुरू हुआ। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के अनुसार नर्मदा एक्सप्रेस और वंदे भारत जैसी ट्रेनों के अलावा हवाई मार्ग से भी बड़ी संख्या में नेता इंदौर पहुंचे। बुधवार शाम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी पहुंच गए हैं। रेलवे स्टेशन पर तीन और एयरपोर्ट पर एक स्वागत काउंटर बनाया गया, जहां आने वाले अतिथियों को एक विशेष किट दी जा रही है जिसमें दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री शामिल है।

# इंदौर ने फिर रचा इतिहास - पीएम स्वनिधि योजना 2.0 में इंदौर देश में प्रथम स्थान पर

## 33,332 हितग्राहियों को ऋण वितरित कर किया लाभान्वित

- **बैंगलूर एवं ग्रेटर मुंबई देश में दूसरे एवं तीसरे स्थान पर**
- **स्वच्छता में देश का सिरमौर इंदौर अब आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में भी अग्रणी बनकर उभरा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0' का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। नगर निगम इंदौर द्वारा किए गए विशेष प्रयासों के फलस्वरूप नगर निगम इंदौर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 के सफल क्रियान्वयन में पूरे देश में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर एक बार फिर देश में इंदौर का परचम फहराया है।**

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशन में नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक कुल 33,332 ऋण प्रकरणों का वितरण बैंकों के माध्यम से किया गया है, जिससे इंदौर शहर ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वच्छता में देश का सिरमौर इंदौर अब आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में भी अग्रणी बनकर उभरा है। इस उपलब्धि पर महापौर श्री भार्गव एवं आयुक्त श्री सिंघल ने शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों तथा योजना के क्रियान्वयन में सहयोग करने वाले सभी विभागों एवं एजेंसियों को बधाई दी।

### लक्ष्य के विरुद्ध उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत इंदौर को 33,028 प्रकरणों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध नगर निगम द्वारा 52,156 प्रकरण बैंकों को प्रेषित किए गए। इनमें से 34,809 प्रकरण स्वीकृत हुए तथा 33,332 हितग्राहियों को ऋण वितरित कर लाभान्वित किया गया।

देश स्तरीय रैंकिंग में इंदौर 33,332 प्रकरणों में ऋण वितरण के साथ प्रथम स्थान पर रहा। 25,829 प्रकरणों के साथ बेंगलूरू महानगर पालिका (बीबीएमपी) दूसरे स्थान पर तथा 24,843 प्रकरणों में ऋण वितरण के साथ ग्रेटर मुंबई तीसरे स्थान पर रहा।

### पीएम स्वनिधि योजना का संक्षिप्त विवरण

आयुक्त नगर निगम श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का प्रारंभ जून 2020 में हुआ था, जिसका उद्देश्य शहरी रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को बिना गारंटी के कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत प्रारंभिक रूप से 10,000, 20,000 एवं 50,000 तक के ऋण प्रदान किए जाते थे।

अब योजना को पुनर्गठित कर इसकी अवधि मार्च 2030 तक बढ़ा दी गई है। पीएम स्वनिधि योजन 2.0 के तहत ऋण की राशि अब 10,000 की राशि बढ़ाकर 15,000 की गई हैं। वहीं 20,000 की राशि बढ़ाकर 25,000 रूपये तथा 50,000 की राशि यथावत रखी गई है। दूसरी ट्रेंच पूर्ण करने पर 30,000 तक की क्रेडिट कार्ड सुविधा भी दी गई है। यह योजना गत 17 सितम्बर 2025 को पुनः प्रारंभ की गई तथा 01 अक्टूबर 2025 से पोर्टल प्रभावशील है।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 की उपलब्धियाँ

नगर निगम इंदौर द्वारा गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऋण वितरण 15,000 के 16,922 प्रकरण, 25,000 के 10,117 प्रकरण तथा 50,000 के 5,989 प्रकरण, इस प्रकार कुल 33,028 का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके विरूद्ध नगर निगम द्वारा 51,000 से अधिक प्रकरण बैंकों को भेजकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया।

### समग्र उपलब्धि (वर्ष 2020 से वर्तमान तक)

पीएम स्वनिधि योजना के तहत प्रथम ट्रेंच में 1,19,025, द्वितीय ट्रेंच में 50,719 तथा तृतीय ट्रेंच में 17,807 ऋण प्रकरण स्वीकृत हुए । इस प्रकार कुल मिलाकर 1,87,590 ऋण प्रकरण स्वीकृत हुए तथा 322.08 करोड़ की राशि हितग्राहियों को वितरित की गई।

# आबकारी वृत्त आंतरिक 2 द्वारा दोपहिया वाहन सहित 75 पाव देशी मदिरा जब्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में इंदौर जिले में अवैध मदिरा के क्रय-विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में मंगलवार को वृत्त आंतरिक 2 प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपनी टीम के साथ बीजलपुर क्षेत्र में सायंकालीन गश्त के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना पर ट्रेजर टाउन कॉलोनी के पीछे छापरी नामक स्थान पर दोपहिया वाहन से 75 पाव देशी मदिरा मसाला व प्लेन के जब्त की गई। आबकारी का वाहन देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त मदिरा एवं वाहन की कुल कीमत लगभग 86000 रुपए निकाली गई है। आज की कार्यवाही में वृत्त प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक जया मुजाल्दे एवं आबकारी आरक्षक उस्मान मिर्जा, एलन बघेल और ड्राइवर रफीक का सराहनीय योगदान रहा।

**जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर की गई त्वरित कार्रवाई**

# अतिक्रमण हटाकर रास्ता किया गया सुगम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के ग्राम अम्बामोलिया निवासी एक व्यक्ति द्वारा जनसुनवाई में की गई शिकायत पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन के अमले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाकर रास्ते को सुगम बनाया। ज्ञात रहे कि कल मंगलवार को सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को उमेश गंगोलिया निवासी ग्राम अम्बामोलिया तहसील खुड़ैल ने रास्ता पर अतिक्रमण संबंधी शिकायत की थी।**



शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि उनके घर के पास 9 फीट का नाला है, उसके सामने 13 फीट रोड है। नाले में गंदगी एवं कचरा के कारण हमारे स्वास्थ पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। मुझ प्रार्थी की शादी भी है, जिसमें कई मेहमान एवं बच्चे आएंगे किसी प्रकार की कोई दुर्घटना ना हो इसलिए आवेदन दे रहा हूं।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर एसडीएम श्रीमती प्रियंका चौरसिया ने जाँच करायी। जाँच के दौरान पाया गया कि शिकायतकर्ता उमेश गंगोलिया का आबादी भूमि में स्थित उनके मकान के उत्तर एवं दक्षिण दिशा में रास्ता है। इनके मकान के उत्तर दिशा में नाला 9 फीट का है, जिसमें बारिश में गांव का एवं खेतों का पानी बहकर गांव की आशामती नदी में जाता है।

उक्त नाले पर शिकायतकर्ता द्वारा ही अतिक्रमण किया जाना पाया गया। शिकायतकर्ता का नाले पर 3 बाय 30 फीट का अतिक्रमण पाया गया, जिसे आज हटाया गया। इसके साथ ही नाले के आसपास स्थित अन्य 12 लोगों का भी अतिक्रमण पाया गया जिसे हटाया गया। मौके पर अतिक्रमण हटाया जाकर अस्थाई रूप से रास्ता चालू करवाया गया एवं ग्राम पंचायत को पक्का नाला निर्माण हेतु निर्देशित किया गया। इस कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आयोजित जनसुनवाई का सकारात्मक परिणाम इस कार्रवाई को बताया। उन्होंने कहा कि इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

# हाईकोर्ट इंदौर में "मध्य प्रदेश घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र" का उद्घाटन समारोह आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर में गुरूवार, 23 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे 'मध्य प्रदेश घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री जस्टिस संजीव सचदेवा इस मध्यस्थता केंद्र का उद्घाटन करेंगे। यह समारोह उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर के सभागृह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जायेगा। समारोह में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

# विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर इंदौर में नि:शुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर 25 अप्रैल को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर प्रांतीय राजपत्रित पशु चिकित्सक संघ एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग, इंदौर के संयुक्त तत्वाधान में 25 अप्रैल 2026, शनिवार को एक निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर पशु चिकित्सालय राज मोहल्ला, एमओजी लाइन, इंदौर में प्रातः 9 बजे से प्रारंभ होकर 1 बजे तक रहेगा।**

शिविर में पशुपालकों एवं पशु प्रेमियों के लिए रेबीज टीकाकरण, पशु स्वास्थ्य परीक्षण, कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ परीक्षण तथा निःशुल्क औषधि वितरण जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस आयोजन का उद्देश्य पशुओं के स्वास्थ्य संरक्षण के साथ-साथ पशुपालकों को उन्नत पशुपालन सेवाओं से जोड़ना है।

समस्त पशुपालकों, पशु प्रेमियों एवं स्वान प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं और अपने पशुओं के स्वास्थ्य की जांच एवं उपचार सुनिश्चित करें।

# स्कूली बसों में लगाना होंगे स्पीड गवर्नर बसों में सुरक्षा के अन्य प्रबंध भी जरूरी

## बच्चों की सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं होगा बर्दाश्त: लापरवाही पाये जाने पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

- बसों के संचालन के संबंध में गाईडलाइन जारी
- कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में शैक्षणिक वाहनों के सुरक्षित संचालन को लेकर बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में शैक्षणिक वाहनों के सुरक्षित संचालन एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य, कॉलेज संचालक, निजी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विद्यार्थियों के परिवहन में उपयोग होने वाले वाहनों के सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश (गाईडलाइन) जारी की गई। इस गाईडलाइन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा प्रबंधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। किसी भी तरह समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही पाये जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री प्रदीप शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शांता स्वामी भार्गव, जिला परियोजना समन्वयक श्री संजय मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सभी स्कूल एवं कॉलेज संचालकों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी शैक्षणिक वाहनों की नियमित जांच कराई जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनमें सभी आवश्यक सुरक्षा मानक पूर्ण रूप से मौजूद हों। निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बस में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप से लगाया जाए, लेकिन केवल उपकरण लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि स्कूलों में समय-समय पर सुरक्षा मॉक ड्रिल भी आयोजित की जाए, ताकि विद्यार्थियों और स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित बचाव के तरीकों की जानकारी हो।

कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूलों में संचालित रसोईघर एवं मध्यान्ह भोजन व्यवस्थाओं की सुरक्षा को लेकर भी विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी संभव हो, स्कूलों की रसोई में पीएनजी कनेक्शन का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि यह अपेक्षाकृत सुरक्षित व्यवस्था है। साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित भोजन उपलब्ध हो सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्कूली यूनिफॉर्म और किताबों के संबंध में किसी प्रकार की मोनोपॉली नहीं रहे। अभिभावकों को परेशानी न हो। स्कूल यूनिफॉर्म, किताबें एवं अन्य आवश्यक सामग्री की सुगमता से उपलब्धता हो। किसी प्रकार की एकाधिकार व्यवस्था (मोनोपॉली) नहीं रहे।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कॉलेज परिसरों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि इसके नियंत्रण के लिए विशेष समितियों का गठन किया जाए। यह समितियां नियमित रूप से निगरानी रखें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी विद्यार्थी नशे की गतिविधियों में संलिप्त न हो। यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए।

बैठक में बताया गया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी स्कूल बसों में स्पीड गवर्नर लगाया जाना अनिवार्य है। बसों में छोटे-छोटे बच्चे सफर करते हैं, इसलिए वाहन की गति नियंत्रित रहना बेहद आवश्यक है। यह केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा बेहद महत्वपूर्ण प्रावधान है, जिसका सभी स्कूल संचालकों को गंभीरता से पालन करना होगा। यह भी निर्देश दिए गए कि बसों में बच्चों को ड्रायवर के केबिन में किसी भी स्थिति में न बैठाया जाए। विद्यार्थियों को केवल निर्धारित सीटों पर ही बैठाया जाए, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना को कम किया जा सके। क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाया जाए। सभी स्कूल संचालकों को बस चालकों एवं वाहनों से संबंधित संपूर्ण जानकारी संबंधित संकुल स्तर पर जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस जानकारी में चालक का नाम, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज शामिल रहेंगे, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन के पास संपूर्ण रिकॉर्ड उपलब्ध रहे।

### बसों के लिए जारी गाईडलाइन

सभी स्कूल बसों का रंग पीला होना अनिवार्य है। बसों के आगे और पीछे स्पष्ट रूप से 'स्कूल बस' अंकित होना चाहिए। यदि बस किसी एजेंसी से अनुबंध पर ली गई है तो उस पर 'ऑन स्कूल ड्यूटी' लिखा होना आवश्यक होगा। प्रत्येक बस में प्राथमिक उपचार हेतु फर्स्ट-एड बॉक्स उपलब्ध होने चाहिए। परिवहन विभाग द्वारा स्वीकृत स्पीड गवर्नर लगाया जाना अनिवार्य होगा। बसों में सुरक्षा की दृष्टि से हॉरिजेंटल ग्रिल लगाई जाएंगी। प्रत्येक वाहन में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध हो। बसों पर संबंधित स्कूल का नाम एवं संपर्क नंबर अंकित होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों के बैग रखने हेतु सीटों के नीचे उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बस चालकों के पास भारी वाहन चलाने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। बच्चों की सुरक्षा के लिए बस में कंडक्टर, शिक्षक, अभिभावक अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्ति की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। छात्राओं के परिवहन के दौरान महिला चालक या महिला परिचालक की उपलब्धता आवश्यक होगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चालक एवं हेल्पर ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार के नशे की अवस्था में न हों। चालकों के विरुद्ध कोई गंभीर प्रकरण दर्ज न हो तथा उनका रिकॉर्ड स्वच्छ हो। प्रत्येक बस में आपातकालीन निकास द्वार अनिवार्य रूप से उपलब्ध होने चाहिए। सभी स्कूल बसों में जीपीएस एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा उन्हें हमेशा क्रियाशील रखा जाए। बसों में परदे अथवा काले शीशों की फिल्म का उपयोग प्रतिबंध रहेगा, जिससे अंदर की गतिविधियां स्पष्ट दिखाई दे सकें। बसों के अंदर पर्याप्त रोशनी एवं स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीटें गैर-ज्वलनशील सामग्री की होनी चाहिए। बसों पर रिफ्लेक्टिव टेप एवं स्टॉप साइन लगाना अनिवार्य है। सभी वाहनों के पास वैध रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, परमिट, पीयूसी एवं बीमा दस्तावेज होना अनिवार्य रहेगा। बसों में स्टेपनी टायर एवं मरम्मत किट उपलब्ध रखनी होगी। इमरजेंसी सायरन, अलार्म बेल एवं पैनिक बटन की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया जाए। वाहन चलाते समय चालक मोबाइल फोन का उपयोग न करें। वर्षा ऋतु के दौरान पुल या पुलिया पर अधिक जलभराव अथवा तेज बहाव की स्थिति में वाहन को नहीं निकाले। बसों में निर्धारित क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थियों को बैठाया जाए। स्कूल संचालकों द्वारा समय-समय पर बस चालकों की काउंसलिंग एवं प्रशिक्षण आयोजित किया जाए तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा जीपीएस एवं सीसीटीवी के माध्यम से वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी।

## अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 9 आरोपियों को किया गया जिलाबदर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त 9 आरोपियों को जिलाबदर किया है। इस संबंध में जारी आदेशानुसार आरोपियों को छः-छः माह के लिये जिलाबदर किया गया है। उक्त सभी अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में अनेक अपराधिक प्रकरण दर्ज है। जिला बदर आरोपियों में मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गिट्टी फोड़ा निवासी धर्मपाल उर्फ धनपाल पिता देवकरण सिंगारे, ग्राम खुर्दा निवासी रितिक पिता घनश्याम जयसवाल, ग्राम अम्बाड़ा सागलाखली निवासी जमनालाल पिता नारायण कटारे, ग्राम गोलखेड़ा निवासी सारंग पिता बोंदर गावड़, किसान मोहल्ला निवासी पम्मी उर्फ निजीत्व पिता परसराम जाट और बसौड़ मोहल्ला निवासी अभि उर्फ अभिषेक पिता अशोक मेढ़ा सम्मिलित है। इसी प्रकार महू थाना क्षेत्र मोती महल टॉकिज निवासी पप्पू उर्फ मोहम्मद मुकीम पिता असलम (भंगारवाला), पत्ती बाजार महू निवासी अजहर नूर पिता ईस्माईल नूर और कंचन विहार खान कॉलोनी निवासी मुदस्सर खान पिता गोहर खान शामिल है।

## जर्जर पुल के कारण महू-घाटाबिल्लौद मार्ग पर यातायात प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। जिला प्रशासन द्वारा इंदौर जिले के महू-घाटाबिल्लौद मार्ग पर महूगांव स्थित पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए यातायात को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा उक्त पुल का निरीक्षण किए जाने पर इसकी स्थिति अत्यधिक खराब पाई गई, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।**

यह मार्ग पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र एवं इन्दौर जिले को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है, जिस पर भारी एवं यात्री वाहनों का आवागमन होता है। सार्वजनिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुल पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद किया गया है। पुल का नवनिर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर वर्षा ऋतु से पूर्व पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे निर्धारित वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

### यातायात व्यवस्था के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्ग

1. थाना सिमरोल की ओर से महू पीथमपुर आने वाली भारी वाहनों को सिमरोल से तेजाजी नगर की ओर डायवर्ट किया जायेगा, जो तेजाजी नगर इन्दौर से फोरलेन होते हुए पीथमपुर पहुंच सकेंगे।
2. पीथमपुर चौपाटी से महू-सिमरोल तरफ आने वाले भारी वाहनों को ए.बी. रोड़ इन्दौर की ओर डायवर्ट किया जायेगा, जो तेजाजी नगर इन्दौर से सिमरोल होते हुए खण्डवा की तरफ जा सकेंगे।
3. पास में ही छोटे वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया है, छोटे वाहन उससे गुजरेंगे।

## फायरिंग रेंज के पास बम फटा, दो युवक गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** महू के किशनगंज थाना क्षेत्र स्थित शांति धाम कॉलोनी के पास सेना के एक बम में विस्फोट हो गया। इस घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत महू के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना बुधवार सुबह तकरीबन 9.30 बजे की है। घायल युवकों की पहचान कमलेश (पिता शिवनारायण) और सोनू (पिता भेरूलाल सोलंकी) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक सुबह शौच के लिए कॉलोनी के पीछे खुले क्षेत्र में गए थे। लौटते समय उन्हें वहां एक संदिग्ध वस्तु दिखाई दी, जिसके पास जाने पर अचानक विस्फोट हो गया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि यह वस्तु सेना का एक बम था। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# द्वारका नगरी योजना से शहरी विकास को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में शहरीकरण की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए सरकार ने विशेष प्रबंध किए हैं। द्वारका नगरी योजना भी उसी दिशा में उठाया गया एक बढ़ा कदम है। द्वारका योजना शहरों के विकास की नई रुपरेखा लिखेगी। यह हमारे शहरों को सुनियोजित, सुविधा सम्पन्न और भावी जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बनाने के सरकार के संकल्प की पूर्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना से प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में नियोजित और सु-व्यवस्थित विकास को नई गति मिलेगी। नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रदेश के हर नागरिक को बेहतर परिवेश, पक्के आवास, मजबूत आधारभूत संरचना और गुणवत्तापूर्ण जीवन मिले। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रदेश के शहरी स्वरूप को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण




भूमिका निभायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय में द्वारका नगरी योजना के नियमों और प्रकिया के बारे में विभागीय प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने योजना के सभी नियमों एवं उपबंधों की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना के क्रियान्वयन में समयबद्धता, पारदर्शिता और विकास-निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। योजना से नगरीय क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ ही नागरिक सुविधाओं का विस्तार भी किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रदेश के नगरीय निकायों से प्राप्त किये जाने वाले प्रस्तावों में शहर की प्रमुख सड़कों का विकास एवं मरम्मत, शहर की समुचित साफ-सफाई, जन-सुविधा विकास-विस्तार से संबंधित कार्यों को तवज्जो दी जाये। साथ ही शहर में गौशाला निर्माण और मुक्तिधाम निर्माण कार्यों को भी प्राथमिकता से शामिल किया जाये। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा नगरीय निकायों में "द्वारका नगरी योजना" वित्त वर्ष 2026-27 से वर्ष 2028-29 कुल 3 वर्षों के लिए मंजूर की गई है। योजना में 2201.20 करोड रुपए अनुदान (शून्य प्रतिशत ब्याज पर राज्य शासन द्वारा ऋण) एवं 2798.80 करोड रुपए ऋण (वित्तीय संस्थाओं द्वारा) सहित कुल 5000 करोड रुपए उपलब्ध कराये जायेंगे। अनुदान के रूप में ली गई ऋण राशि 2201.20 करोड रुपए का पुनर्भुगतान विभाग द्वारा 25 वर्ष बाद 5 समान वार्षिक किश्तों में किया जाएगा। नगरीय निकायों द्वारा लिये जाने वाले ऋण एवं इस पर लगने वाले ब्याज का पुनर्भुगतान राज्य शासन एवं निकायों द्वारा 20 वर्षों में राज्य शासन के मुद्रांक शुल्क से प्राप्त होने वाली राशि से किया जाएगा। साथ ही शहर की मास्टर प्लान की सडकों को पीपीपी मोड पर किया जा सकेगा। इसमें मेट्रोपालिटन रीजन को ध्यान में रखते हुए कार्य कराये जा सकेंगे। केन्द्र सरकार की प्रोत्साहन आधारित योजना 'अर्बन चैलेंज फण्ड' की गैप फंडिंग द्वारका नगरी योजना से की जा सकेगी। योजना प्रस्तुतिकरण बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री नीरज मंडलोई, वित्त सचिव श्री लोकेश जाटव, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोंडवे एवं अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

### क्या है द्वारका नगरी योजना

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में घोषित 'द्वारका नगरी योजना' का उद्देश्य शहरों में आवास निर्माण, सड़कों की मरम्मत और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इस त्रि-वर्षीय मेगा योजना के तहत 5 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर नगरीय निकायों का कायाकल्प किया जाएगा। इसका उद्देश्य नगरीय निकायों के बुनियादी ढांचे को व्यवस्थित करना और शहरी विकास को गति देना है। इसके तहत आवास निर्माण, सड़कों की मरम्मत और नगरीय निकायों की वर्तमान संरचना को और मजबूत किया जायेगा। इसमें नगरीय निकायों को उनकी आवश्यकतानुसार आर्थिक मदद देकर स्थानीय स्तर पर अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को और अधिक गति दी जायेगी।

## लग्जरी बस अचानक घर की तरफ मुड़ गई, दीवार में जा घुसी, 30 से अधिक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खरगोन, एजेंसी।** खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। खरगोन से इंदौर जा रही एक निजी यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और सड़क किनारे स्थित एक मकान से जा टकराई। इस दुर्घटना में बस में सवार करीब 30 यात्रियों को चोटें आई हैं, जिनमें से 10 से अधिक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

एसडीओपी श्वेता शुक्ला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसा कसरावद तहसील के





ग्राम ओझरा में दोपहर के समय हुआ। बस में करीब 30 से अधिक यात्री सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर बैठे यात्री इधर-उधर गिर पड़े। हादसे में चालक और परिचालक भी घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। सभी घायलों को तत्काल कसरावद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद करीब 25 घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। इसी बस में सवार इंजीनियरिंग कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र क्षितिज गुप्ता ने बताया कि वह इंदौर परीक्षा देने जा रहे थे। अचानक बस का संतुलन बिगड़ा और जोरदार टक्कर हुई, जिससे वह उछलकर बस की छत से जा टकराए। उन्होंने बताया कि हादसे के समय बस की रफ्तार सामान्य से कुछ अधिक थी।

### सीएम केयर योजना को कैबिनेट की मंजूरी

## कैंसर- हार्ट के गरीब मरीजों का सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में होगा मुफ्त इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मप्र की मोहन सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में सीएम केयर योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को हार्ट और कैंसर से जुड़ी बीमारियों के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा।**

पहले चरण में सरकार छह बड़े शहरों के मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशिएलिटी यूनिट्स स्थापित करेगी। नए अस्पतालों के लिए संस्थाओं और ट्रस्ट को न्यूनतम दर पर जमीन मिलेगी। योजना पर 5 साल में 3628 करोड़ रुपए खर्च होंगे। मध्य प्रदेश के स्थायी निवासी और कैंसर या हार्ट बीमारी से पीड़ित मरीज इस योजना के पात्र होंगे। गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे के परिवार चिह्नित किए गए हैं। योजना का फायदा लेने के लिए सुपर स्पेशिएलिटी अस्पताल में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन के आठ घंटे के भीतर इलाज की मंजूरी मिलेगी। योजना का लाभ उन्हीं को मिलेगा जिनके पास आयुष्मान कार्ड है। योजना के क्रियान्वयन के लिए विभाग एक्सपर्ट कमेटी का गठन करेगा। कमेटी के सुझावों के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

### लेंसकार्ट के तिलक-मंगलसूत्र पाबंदी पर भड़के

## धीरेंद्र शास्त्री बोले-नक्कटा तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी।** प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में बागेश्वर धाम के पं. धीरेंद्र शास्त्री ने हनुमंत कथा के दौरान लेंसकार्ट कंपनी को चेतावनी दी। उन्होंने कहा- 'एक कंपनी है उसका नाम लेंसकार्ट है, उसने बोला है अपनी कंपनी के वर्करों को कि हमारे यहां कोई तिलक लगा के नहीं आ सकता, मंगलसूत्र पहन के नहीं आ सकता, सिंदूर लगा के नहीं आ सकता।

पं. धीरेंद्र ने कहा- ठटरी के



बरे! नक्कटा! तू अपनी कंपनी लाहौर में खोल ले, भारत में काहे को मर रहा है? आगि के लगे! तेरो कक्का को भारत है का? हां! हमारे तो बाप का भारत है। हां! जिनको तिलक से, चंदन से, वंदन से, राम से, श्याम से, हनुमान से, बाबा बागेश्वर से दिक्कत हो, वो पतली गली लाहौर खिसक लें। पं. धीरेंद्र की कथा 21 से 23 अप्रैल तक चलेगी। बता दें, लेंसकार्ट विवाद कंपनी द्वारा तिलक, सिंदूर और मंगलसूत्र जैसे धार्मिक प्रतीकों पर पाबंदी के दावे से जुड़ा है।

पं. धीरेंद्र ने कहा- हम एक बात हिंदुओं से कहे, कथा शुरू करने के पहले आज उन्होंने तुम्हारे मंगलसूत्र पर उंगली उठाई, तिलक पर उंगली उठाई, कल तुम्हारी बिरादरी पर उंगली उठाएंगे, तुम्हारे सनातन पर उंगली उठाएंगे, तुम्हारे बच्चों पर उंगली उठाएंगे। यदि हम एकजुट नहीं होंगे, तो वो कल हमारी गीता-रामायण पर भी उंगलियां उठाएंगे, इसलिए हम सबको संगम से एक बात सीखनी है। जैसे संगम में तीन नदियां मिलकर महासंगम बनता है, ऐसे ही हम सब जातियों को छोड़कर हिन्दू होकर एकता का परिचय दें।

## ट्रक के उड़े परखच्चे दो की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी, एजेंसी।** बड़वानी जिले के सेंधवा के पास मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे पर बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बिजासन घाट के ब्लैक स्पॉट पर ट्रक और ट्रेलर की टक्कर में दो लोगों की जान चली गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर करीब 2 बजे बिजासन घाट के डबल पुलिया के बीच एक तेज रफ्तार ट्रक आगे चल रहे ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया।

## संपादकीय

### समुद्री संप्रभुता बनाम दुष्प्रचार: ईरान को 'भुगतान' के दावों की सच्चाई

भारत ने बुधवार को इस बात से इनकार किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से अपने जहाजों को सुरक्षित पार कराने के लिए उसने ईरान को नकद या क्रिप्टोकरेंसी में कोई भुगतान किया है। यह स्पष्टीकरण उस घटना के बाद आया है, जिसमें 18 अप्रैल को इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने की कोशिश कर रहे दो भारतीय जहाजों पर ईरानी बलों ने गोलीबारी की थी, जिसके बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने कहा कि 'सनमार हेराल्ड' जहाज को सुरक्षित मार्ग देने के लिए ईरान को भुगतान किए जाने के बारे में चलाई जा रही खबरें 'फर्जी' हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसी खबरें फैल रही हैं कि सनमार हेराल्ड जहाज के कप्तान ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गॉर्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना इकाई से जुड़े लोगों को भुगतान किया, जो कि पूरी तरह गलत है। जहाज के मालिक से बात करने पर उन्होंने कोई भुगतान न किए जाने की पुष्टि की।' इससे पहले, सोशल मीडिया पर सामने आई एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में 'सनमार हेराल्ड' के कप्तान को यह कहते सुना गया कि उन्हें पहले जलमार्ग पार करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन बाद में उन पर गोलीबारी शुरू कर दी गई। कुछ रिपोर्ट में इस घटना को कथित 'क्रिप्टो ठगी' से जोड़ते हुए दावा किया गया था कि फर्जी लोग जहाज मालिकों से सुरक्षित मार्ग दिलाने के नाम पर पैसे मांग रहे हैं। हालांकि, सरकार ने इन दावों को भी खारिज कर दिया। चेन्नई स्थित पोत परिवहन कंपनी सनमार शिपिंग ने भी एक बयान में अपने जहाज की सुरक्षित निकासी के लिए किसी तरह के भुगतान से इनकार किया। उसने कहा कि वह संबंधित सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर जहाज की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित कर रही है। पोत परिवहन मंत्रालय ने कहा कि वह विदेश मंत्रालय के साथ समन्वय कर स्थिति का आकलन करता है और उसी के आधार पर फारस की खाड़ी में फंसे भारतीय जहाजों को जलडमरूमध्य पार करने की सलाह दी जाती है। होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख समुद्री मार्ग है, जहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और एलएनजी का परिवहन होता है। पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण इस मार्ग से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार पर असर पड़ा है।

## धर्म-कर्म

# उत्तराखंड में एक नहीं बल्कि कई है बद्रीनाथ

## जानें हर युग में रहा है इनका क्या महत्व

**ब्रदीनाथ धाम यात्रा का आरंभ 23 अप्रैल से हो चुका है। उत्तराखंड़ में ब्रदीनाथ के अलावा पंच बद्री भी हैं। जिनका अपने अलग महत्व बताया गया है। हर युग में पंच बद्री का अलग महत्व का वर्णन मिलता है। आइए जानते हैं पंच बद्री का महत्व।**



बद्रीनाथ को धरती का बैकुंठ कहा जाता है। यह भारत में स्थित चार धाम में से एक माना जाता है। बद्रीनाथ को विष्णु धाम और विशालपुरी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि यह पर दर्शन करने से मोक्ष की राह आसान हो जाती है। साथ ही बद्रीनाथ उत्तराखंड के गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ के साथ मिलकर उत्तराखंड के चार धाम का अहम हिस्सा भी है। ऐसा कहा जाता है कि व्यक्ति बद्रीनाथ धाम की यात्रा करता है उसे गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। पुरानी मान्यता है कि जो जाए बद्री वो ना आए ओदरी यानी बद्रीनाथ के दर्शन करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं बद्रीनाथ धाम सिर्फ एक नहीं बल्कि कुल पांच बद्रीनाथ है जो पंच बद्री के नाम से प्रसिद्ध हैं। हर युग में इन बद्रीनाथ का अलग अलग महत्व रहा है। आइए जानते हैं पंच बद्री के बारे में विस्तार से।

### बद्रीनाथ मंदिर

उत्तराखंड के चमोली में स्थित बद्रीनाथ मंदिर मोक्ष की प्राप्ति की द्वार कहा जाता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं बद्रीनाथ मंदिर का नाम भगवान विष्णु नहीं बल्कि मां लक्ष्मी का नाम पर है। एक बार भगवान विष्णु ध्यान मुद्रा में लीन थे। अधिक बर्फबारी होने के कारण वह पूरी तरह से बर्फ से ढक गए थे। उनकी ऐसी स्थिति देखकर मां लक्ष्मी को बहुत दुख हुआ। इसके बाद मां लक्ष्मी ने भगवान विष्णु के पास जाकर एक बेर वृक्ष (बदरी पेड़) का रुप ले लिया और फिर सारी बर्फ वृक्ष के ऊपर गिरने लगी। माता लक्ष्मी ने वर्षों तक बर्फ,बारिश और तपती धूप आंधी में भगवान विष्णु की तपस्या में सहायता की। जब भगवान विष्णु की आंख खुली तो उन्होंने देखा की माता लक्ष्मी वहां पर मौजूद हैं और वह पूरी तरह से बर्फ से ढक चुकी हैं। माता लक्ष्मी से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने कहा कि तुमने मेरी रक्षा की और मेरी तपस्या पूर्ण करने में सहायता की। इस स्थान पर मेरे साथ तुम्हारी पूजा भी की जाएगी और यह स्थान बद्रीनाथ के नाम से जाना जाएगा।

### योगध्यान बद्री

योगध्यान बद्री पांडुकेश्वर गांव में स्थित है। यह गांव जोशीमठ से करीब 24 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां भगवान विष्णु योग मुद्रा में हैं जिस वजह से इसका नाम योगध्यान मुद्रा पड़ा है। ऐसा कहा जाता है कि योगध्यान बद्री भी उतना ही पुराना जितना की बद्रीनाथ धाम। ऐसा कहा जाता है कि पांडवों के पिता राजा पांडु ने अपने अंतिम दिन यहां बिताए थे। इसलिए ही इस गांव का नाम पांडुकेश्वर पड़ा है।

### भविष्य बद्री

भविष्य का बद्रीनाथ भविष्य बद्री जोशीमठ से कुछ ही दूरी पर स्थित है। भविष्य बद्री को लेकर भविष्यवाणी की जाती है कि कलियुग में यह ब्रदीनाथ होगा। जब कलियुग अपने चरम पर होगा जो नर और नारायण पर्वत मिल जाएंगे जिस वजह से बद्रीनाथ पहुंचना असंभव होगा। तब भविष्य बद्री में ही बद्रिनाथ भगवान विराजमान होंगे। बता दें कि अभी यहां पहुंचना आसान नहीं है। वहीं भविष्य बद्री मंदिर भी बद्रीनाथ धाम के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए खुलता है।

### वृद्ध बद्री

जोशीमठ से करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर अनिमाठ गांव में वृद्ध बद्री स्थित है। इस स्थान पर भगवान विष्णु नारद जी के सामने वृद्ध रुप में प्रकट हुए थे और उन्होंने यहाँ तपस्या की थी। इस मंदिर में स्थापित मूर्ति एक वृद्ध व्यक्ति की है। यह मंदिर पूरे साल खुला रहता है। पंच बद्री में सिर्फ यही ऐसा मंदिर है जो खुला रहता है।

### आदि बद्री

आदिबद्री की स्थापना आदि शंकराचार्य ने की थी। यहां पर सात मंदिर हैं जिनका निर्माण 5वीं से 8वीं शताब्दी के दौरान किया गया था। मुख्य मंदिर में स्थापित मूर्ति काले पत्थर से बनी है। जब बद्रीनाथ तक पहुंचना असंभव हो तो अपनी प्रार्थनाएं भक्त यहीं पर करते हैं।

Paschim Bangal

# पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वोटिंग के दौरान फेंके गए देसी बम, कई मतदाता घायल

**मुर्शिदाबाद, (एजेंसी) पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग जारी है। इस बीच मुर्शिदाबाद जिले के नौदा इलाके में हिंसा की घटना सामने आई है। जहां मतदान के बीच कुछ अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर देसी बम फेंक दिया। इस हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद घायलों को नजदीकी अस्पतालों और मेडिकल सेंटरों में भर्ती कराया गया। हालांकि, घायलों की सटीक संख्या और उनकी स्थिति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।**



**प्रत्यशदर्शियों ने क्या बताया-** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, धमाका उस समय हुआ जब बड़ी संख्या में लोग मतदान केंद्र के आसपास मौजूद थे। अचानक हुए इस हमले से मतदाताओं और स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई। कई लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए और पूरे इलाके को घेर लिया। हालात को नियंत्रण में लाने के लिए अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि हमले के पीछे शामिल लोगों की पहचान के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। वहीं इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है।

Chhattisgarh

## पत्नी का कटा सिर हाथ में लेकर गलियों में घूमा, दहशत में आए लोग...

### मर्डर से पहले साथ बैठकर पी थी शराब



**कोरबा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया. यहां एक पति ने न केवल अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी, बल्कि उसका कटा हुआ सिर हाथ में लेकर गांव की गलियों में घूमता रहा. इस भयावह दृश्य को जिसने भी देखा, वह सन्न रह गया और पूरे गांव में दहशत फैल गई.

यह सनसनीखेज मामला बालको नगर थाना क्षेत्र के बुंदेली गांव का है. बुधवार शाम सालिक राम नाम के एक मजदूर ने अपनी पत्नी चैत कुंवर की गला काटकर हत्या कर दी. बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था. पत्नी अक्सर पति के चरित्र पर शक करती थी और इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़े होते रहते थे.

घटना वाले दिन भी सुबह दोनों के बीच कहासुनी हुई थी. शाम के समय दोनों साथ बैठकर शराब पी रहे थे, तभी फिर विवाद बढ़ गया. गुस्से में आकर सालिक राम ने धारदार चाकू से पत्नी पर हमला कर दिया और उसका सिर धड़ से अलग कर दिया. वारदात के बाद भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ.

हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी का सिर एक प्लास्टिक की बोरी में रखा और मोटरसाइकिल से निकल पड़ा. रास्ते में वह लोगों को खुद ही बताता रहा कि उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी है.

Uttarpradesh

## यूपी के मिर्जापुर में सड़क हादसा, 11 की मौत, इनमें से 8 जिंदा जले

**मिर्जापुर, (एजेंसी) यूपी के मिर्जापुर में बुधवार रात सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। मध्य प्रदेश से चना लादकर आ रहा ट्रक ब्रेक फेल होने से बेकाबू हो गया। ट्रक ने पहले स्विफ्ट कार को टक्कर मारी, फिर एक ट्रक से जा टकराया। कार दोनों ट्रकों के बीच में फंस गई। इस दौरान पीछे से आ रही बोलेरो ट्रक में जा घुसी।**

हादसे में बोलेरो में आग लग गई। इसमें सवार 8 लोग जिंदा जल गए। इनके अलावा टक्कर के कारण स्विफ्ट कार चालक, ट्रक के ड्राइवर और क्लीनर की भी मौत हो गई। हादसा ड्रमडगंज थाना क्षेत्र में हुआ।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि बोलेरो सवार सभी लोग प्रयागराज के मांडा क्षेत्र के हाटा के बताए जा रहे हैं। ये लोग मैहर धाम से दर्शन करके लौट रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू किया।

New Delhi

## आईआरएस अफसर की बेटी से घर में रेप-हत्या

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के कैलाश हिल्स इलाके में बुधवार सुबह एक सीनियर IRS अफसर के घर में उनकी 22 साल की बेटी की रेप के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब 6 बजे हुई। युवती घर में अकेली थी। IRS अफसर और उनकी पत्नी रोज की तरह जिम गए हुए थे। वापस लौटे तो बेटी का शव कमरे में मिला। वह UPSC की तैयारी कर रही थी। शुरुआती जांच के अनुसार, उसके साथ पहले रेप किया गया। फिर मोबाइल चार्जर के तार से गला घोंटकर हत्या की गई। घटना के करीब 14 घंटे बाद दिल्ली पुलिस ने आरोपी, 19 साल के राहुल मीणा को गिरफ्तार किया। वह द्वारका इलाके के एक होटल में छिपा हुआ था। वह IRS अफसर के घर का पूर्व नौकर है। उसे करीब एक महीने पहले पैसों में गड़बड़ी के आरोप में काम से निकाला गया था। राहुल मीणा राजस्थान के अलवर का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक, वह करीब आठ महीने तक IRS अफसर के घर पर नौकर था।



खेल

# इकाना में लखनऊ की लगातार सातवीं हार, गेंदबाजों की मेहनत पर बल्लेबाजों ने फेरा पानी

**लखनऊ, (एजेंसी) जोफ्रा आर्चर की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 40 रनों से हरा दिया। बुधवार को इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने रवींद्र जडेजा की नाबाद 43 रनों की पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में लखनऊ की टीम 18 ओवर में 10 विकेट पर 119 रन ही बना सकी। उनके लिए मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 55 रनों की पारी खेली।**



घरेलू मैदान पर यह लखनऊ की आईपीएल में लगातार सातवीं हार है। इस मामले में टीम ने डेक्कन चार्जर्स और पुणे वॉरियर्स की बराबरी कर ली। दोनों ही टीमों ने हैदराबाद और पुणे में लगातार सात मैच हारे थे। वहीं, इस मामले में शीर्ष पर दिल्ली कैपिटल्स है, जिन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 2013-15 के बीच लगातार नौ मुकाबले गंवाए।

लखनऊ के खिलाफ जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स ने अंक तालिका में छलांग लगाकर दूसरा स्थान हासिल कर लिया। सात में से पांच मैच जीत चुकी राजस्थान के खाते में 10 अंक हो गए हैं और उनका नेट रन रेट +0.790 का है। वहीं, लखनऊ सात में से पांच मुकाबले हारकर नौवें स्थान पर बनी हुई है। उनका नेट रन रेट -1.277 का हो गया है। शीर्ष पर फिलहाल पंजाब किंग्स का दबदबा है, जो अब तक इस टूर्नामेंट में अजेय है। आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद आठ-आठ अंकों के साथ क्रमशः तीसरे और चौथे पायदान पर हैं।

160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत भी खराब हुई। महज 11 के स्कोर पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए। आयुष बडोनी, कप्तान ऋषभ पंत और एडेन मार्करम खाता भी नहीं खोल पाए। यहां से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने निकोलस पूरन के साथ चौथे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की। निकोलस 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद मिचेल मार्श ने हिम्मत सिंह के साथ पांचवें विकेट के लिए 37 रन जुटाकर टीम को 91 के स्कोर तक पहुंचाया। मार्श 41 गेंदों में दो छक्कों और छह चौकों के साथ 55 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि हिम्मत सिंह ने 15 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। तीन बल्लेबाजों के अलावा, कोई अन्य खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। विपक्षी खेमे से जोफ्रा आर्चर ने महज 20 रन देकर तीन विकेट निकाले, जबकि नांद्रे बर्गर और बृजेश शर्मा को दो-दो सफलताएं हाथ लगीं। रवींद्र जडेजा और रवि बिश्नोई ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

सिनेमा

## नुसरत जहां से ED ने कोलकाता दफ्तर में की 8 घंटे तक पूछताछ, पति का हाथ पकड़कर निकलीं बाहर, मीडिया से झुंझलाईं



अभिनेत्री से राजनेता बनी नुसरत जहां बुधवार सुबह ईडी के दफ्तर में पेश हुईं। वह कोलकाता के बाहरी इलाके में सॉल्ट लेक स्थित प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय में अपने पति यश दासगुप्ता के साथ पहुंचीं। नुसरत जहां को ईडी ने राशन वितरण मामले के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया था। नुसरत जहां अपने पार्टनर और को-एक्टर यश दासगुप्ता के साथ बुधवार सुबह 10.45 बजे सेंट्रल गवर्नमेंट ऑफिस कॉम्प्लेक्स में ईडी के दफ्तर पहुंचीं। देर शाम तक वह दफ्तर में ही पूछताछ के दायरे में रहीं। वह अपने साथ कई ऐसे दस्तावेज लाई थीं, जिन्हें ईडी के जांच अधिकारियों ने उनसे लाने के लिए कहा था। सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में जहां ने एजेंसी के नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में पेश होने की इजाजत मांगी थी क्योंकि बुधवार को उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में रहना था। हालांकि, ईडी ने उनकी इस अर्जी को खारिज कर दिया, जिसके बाद आखिरकार बुधवार को वह ईडी के सॉल्ट लेक स्थित दफ्तर पहुंचीं।




1. **11 killed in multi-vehicle collision in UP's Mirzapur**
2. **Cyclist asked to pay toll on Bengaluru flyover, video goes viral**
3. **Nadendla Bhaskara Rao: The man who changed political history**
4. **Day after the blast, grief and questions linger in Mundathikode**
5. **HPCL probes refinery fire that postponed inauguration by PM Modi**
6. **Surat teen dies after fall while de-boarding train at Bhiwandi**

# 75% of all new code at Google is AI-generated, Sundar Pichai says

**NEW DEIHI, (Agency).** Google is doubling down for the agentic era, and the shift starts from within. "Today, about 75% of all new code at Google is now AI-generated and approved by engineers, up from 50% last fall," Chief Executive Officer Sundar Pichai said in a post on 'The Keyword' on Wednesday. "We are now shifting to truly agentic workflows. Our engineers are orchestrating fully autonomous digital task forces, firing off agents and accomplishing incredible things."



Pichai's blogpost kicks off Google Cloud Next26—an annual flagship conference where the search giant shows its latest innovations in cloud computing, artificial intelligence, security and data analytics. This year's focus is Gemini Enterprise— an end-to-end system for the agentic era—which according to Pichai has seen 40% growth in paid monthly active users on a sequential basis.

"Through this rapid growth, we've seen how every employee in every organisation can become a builder...," Pichai went on to say. "This is an incredible shift, but it comes with complexity. The conversation has gone from 'Can we build an agent?' to 'How do we manage thousands of them?'."

To that end, Google has launched Gemini Enterprise Agent Platform, which aims to provide a secure, full-stack "connective tissue" between data, people and goals to optimise agents.

Google is building that "connective tissue" within its own ecosystem.

Recently, a complex code migration by agents and engineers was completed six times faster than was possible a year ago with engineers alone. The Gemini app on MacOS was built using Antigravity—Google's own "agent-first" platform where autonomous AI agents can plan, write code, and test applications in a browser with minimal human intervention.

# Wired Wisdom: Apple's new CEO and Stuffcool's continued brilliance

**NEW DEIHI, (Agency).** Opening thoughts. Snap Inc.'s smart glasses are coming. It is a more a question of when and not if. CEO Evan Spiegel recently said something many of us are thinking.

"I think Meta needed to partner with (Essilor) Luxottica because the Meta brand, I think, is not something people want anywhere near their face," Spiegel said during a podcast with David Senra. Clearly, Meta's reputation precedes anything it does—including the Ray-Ban Meta AI glasses. In fact, Spiegel went on to say that "It's much more harmful for Luxottica than it is for Meta," referring to this partnership.

In fact, a few weeks ago, I had noted my



discomfort of living a life wearing AI glasses by Meta. "...to be fair, no one really knows where this data is otherwise going" — my exact words. In fact, I haven't reviewed the Ray-Ban Meta Gen 2 glasses, staying true to my word (that's fortunately or unfortunately, a habit).

## This was in the works, but no one really expected it anytime soon.

Tim Cook is stepping away after 14 years as Apple Inc. CEO (and 28 years at Apple)—a tenure punctuated by record iPhone sales, $100 billion in services revenue alone, and a market capitalisation in excess of $4 trillion. He hands the baton to John Ternus, senior vice president of hardware engineering and the brains behind some of the most exciting Apple products in recent years—the MacBook Neo and the iPhone Air, both standouts in more ways than one.

# खड़गे के बयान को लेकर कांग्रेस की जमकर घेराबंदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर दिए गए विवादित बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में उबाल आ गया है। इंदौर में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने पहुंचे पार्टी के दिग्गज नेताओं ने खड़गे के इस बयान को लेकर कांग्रेस की जमकर घेराबंदी की। भाजपा नेताओं ने एक सुर में इसे देश का अपमान और कांग्रेस की हताशा करार दिया है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने इस बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी के अध्यक्ष से ऐसे मर्यादित आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती। खंडेलवाल के अनुसार, मोदी जी वर्तमान में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उनके प्रति ऐसी भाषा का उपयोग करना कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनहित के कार्यों में बाधा डाली है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता शायद यह भूल गए हैं कि मोदी जी को जनता ने प्रधानमंत्री चुना है, न कि कांग्रेस ने। उन्होंने नारी वंदन अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बहनों के अधिकारों को छीनने का काम किया है और अब वे सहयोग करने के बजाय जश्न मना रहे हैं। गोवा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दामोदर दादू नाइक ने खड़गे पर सीधा हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि उम्र के इस पड़ाव पर कांग्रेस अध्यक्ष 'सठिया' गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को कोसना कांग्रेस की पुरानी आदत रही है और वे देश के विकास में हमेशा से अड़चन बनते आए हैं। नाइक के अनुसार, इस तरह के बयानों के लिए पूरी कांग्रेस पार्टी को शर्म आनी चाहिए। मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कांग्रेस का असली 'चाल, चरित्र और चेहरा' है। उन्होंने 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे' वाली कहावत का उदाहरण देते हुए कहा कि सत्ता से बाहर होने की छटपटाहट में कांग्रेसी अपने संस्कार भूल चुके हैं।

## मंडप में घुसे युवकों ने बरातियों को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान जमकर हंगामा और मारपीट का मामला सामने आया है। कुछ युवक आपस में लड़ते हुए सीधे शादी के मंडप में घुस गए। जब परिजनों ने उन्हें बाहर जाने के लिए कहा तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। घटना में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

टीआई देवेन्द्र मरकाम के मुताबिक घटना 21 अप्रैल की रात करीब 2 बजे ग्राम माचला की है। यहां मनीषा नामक युवती के विवाह की रस्में चल रही थीं और फेरे की तैयारी हो रही थी। इसी दौरान कुछ युवक आपस में झगड़ते हुए मंडप में घुस आए। पुलिस ने मामले में साहिल कोटिया, मोनू मिथोरिया और अमन कोटिया सहित उनके साथियों के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने कुछ युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हमले में जगराम बंजारा (50), उनके समधी लक्ष्मण बंजारा (70), गंगाबाई, जगदीश, कलाबाई और पुरकिया उर्फ प्रेम घायल हो गए। सभी को अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जब युवकों को बाहर जाने के लिए कहा तो वे भड़क गए और अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने हाथ-मुक्कों और डंडों से हमला कर दिया। शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को संभाला, लेकिन आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## लोडिंग ऑटो ने महिला को टक्कर मारी

**इंदौर।** बुधवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। फर्स्ट बटालियन पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार लोडिंग ऑटो ने एक्टिवा सवार महिला को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि सदर बाजार क्षेत्र में लोडिंग ऑटो तेज गति से आ रहा था, तभी सामने से आ रही एक्टिवा सवार महिला को उसने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला सड़क पर गिर पड़ी, वहीं ऑटो भी पलट गया। घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। चेक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के एएसआई सुबोध शर्मा और आरक्षक भागीरथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिना देर किए घायल महिला को संभाला और ऑटो की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

## ढाबे पर परोसी जा रही थी शराब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाड़िया क्षेत्र में ढाबे की आड़ में अवैध शराब बेचने वाले संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि 'मां कामाख्या देवी ढाबा' का संचालक अंकित केलवा अपने ढाबे पर अवैध शराब की खरीद-फरोख्त कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए ढाबे की घेराबंदी की और मौके पर दबिश दी। पुलिस टीम ग्राम बेगम खेड़ी स्थित ढाबे पर पहुंची, जहां तलाशी के दौरान अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी अंकित केलवा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 पेटी देसी मसाला, 4 पेटी देसी प्लेन शराब और एक थैले में 30-30 क्वार्टर मसाला व प्लेन शराब जब्त की। जब्त शराब की कुल कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई जा रही है।

## क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर 2.47लाख की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक निजी बैंक की फाइनेंस रिलेशनशिप मैनेजर युवती ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर उससे 2 लाख 47 हजार रुपए ठग लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक 25 साल की युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है और जनवरी 2026 में उसे क्रेडिट कार्ड मिला था। कार्ड की जरूरत नहीं होने पर उसने अप्रैल में गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च किया। 14 अप्रैल को आए कॉल में आरोपी ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया। उसने युवती की पर्सनल जानकारी और क्रेडिट कार्ड से जुड़ी डिटेल साझा कर भरोसा जीत लिया।

आरोपी ने क्रेडिट कार्ड बंद कराने के लिए मोबाइल पर 'पे जिप' एप डाउनलोड कराकर लॉगिन कराया और 48 घंटे में कार्ड बंद होने की बात कही। कॉल कटने के बाद लगातार 5 ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें कुल 2 लाख 47 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड से कट गए। इसकी जानकारी मैसेज के जरिए मिली। घटना के बाद युवती ने बैंक से संपर्क किया, लेकिन तत्काल जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक